CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 27 ▫ अंक- 232 ▫ रायपुर, शनिवार 14 सितम्बर 2024 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### जेल से छूटते ही पत्नी संग हनुमान मंदिर पहुंचे अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली,** 14 सितम्बर (न्यूज चैनल)। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई। कोर्ट ने उन्हें कुछ जरूरी शर्तों के साथ जमानत दी है। जमानत मिलने के बाद कल केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। जिसके बाद सीएम केजरीवाल आज पंत्नी सुनीता केजरीवाल संग कनॉट प्लेस स्थित प्रसिद्ध हनुमान दोपहर पहुंचे और वहां दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और आप सांसद संजय सिंह भी सीएम के साथ थे।

### जिंदगी में सब खटा-खट नहीं होता, मेहनत करनी पड़ती है : जयशंकर



**नई दिल्ली,** 14 सितम्बर (न्यूज चैनल)। लोकसभा चुनाव 2024 में नेताओं की तरफ से अजीबोगरीब बयान खूब देखने सुनने को मिले। राहुल गांधी ने चुनाव प्रचार के दौरान खटाखट शब्द का इस्तेमाल किया। उन्होंने गरीबों के खाते में एक-एक लाख रुपये डालकर खटाखट गरीबी खत्म करने की बात कही थी। वहीं अब भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि किसी को कड़ी मेहनत करने की जरूरत है और जीवन खटा-खट नहीं है।

## छत्तीसगढ़ में सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा निरस्त करने की अपील हाईकोर्ट में खारिज

**रायपुर,** 14 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा निरस्त करने की अपील हाईकोर्ट चीफ जस्टिस की डबल बेंच ने खारिज कर दी है। कोर्ट ने सिंगल बेंच के फैसले को सही बताया है। चीफ जस्टिस ने कहा कि, असफल परीक्षार्थी भर्ती निरस्त करने की अपील नहीं कर सकते हैं। बिलासपुर हाईकोर्ट के इस फैसले से परीक्षा में चयनित उम्मीदवारों को बड़ी राहत मिली है। इससे पहले सिंगल बेंच ने भर्ती प्रक्रिया को 45 दिन में पूरा करने के लिए निर्देश दिया था। इसके बाद भी नियुक्ति आदेश नहीं जारी होने से नाराज अभ्यर्थी इन दिनों रायपुर में आंदोलन कर रहे हैं। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने कहा-कानूनी स्थिति और तथ्यों के मद्देनजर संपूर्ण चयन प्रक्रिया को रद्द करने का कोई आधार नहीं बनता है। बेंच ने कहा-कानूनी स्थिति और तथ्यों के मद्देनजर संपूर्ण चयन प्रक्रिया को रद्द करने का कोई आधार नहीं बनता है।



दरअसल, हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने स्द्ध भर्ती परीक्षा 2018 में चयनित अभ्यर्थियों को 90 दिनों में नियुक्ति पत्र जारी करने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने कहा है कि, प्लाटून कमांडर की भर्ती में महिला उम्मीदवारों को हटाया जाए। उनकी जगह वंचित पुरुष अभ्यर्थियों का फिजिकल टेस्ट लेकर मेरिट के आधार पर नियुक्ति आदेश जारी करें। पढ़ें पूरी खबरज्

भर्ती परीक्षा में असफल उम्मीदवारों ने हाईकोर्ट की सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ डिवीजन बेंच में अपील की थी। इसमें कहा गया था कि जब भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया था, जिसमें 975 पद रिक्त बताए गए थे। इसमें से 247 पद प्लाटून कमांडर के लिए आरक्षित था। इस आधार पर 1235 पुरुष उम्मीदवारों को परीक्षा में शामिल करना था। नियमानुसार प्लाटून कमांडर पद के लिए अलग से मैरिट सूची जारी करना था। महिला उम्मीदवार पात्र नहीं थे। इसके बाद भी उन्हें इस पद में शामिल किया गया, जिसकी वजह से पात्र पुरुष उम्मीदवार मुख्य परीक्षा से वंचित हो गए। ऐसे में भर्ती निरस्त कर मुख्य परीक्षा से वंचित आवेदकों को भी मौका दिया जाना चाहिए। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद डिवीजन बेंच ने कहा कि सिंगल बेंच के निर्णय में कोई अनियमितता या अवैधानिकता नहीं है। मामले की कानूनी स्थिति और तथ्यों के मद्देनजर संपूर्ण चयन प्रक्रिया को रद्द करने का कोई आधार नहीं बनता है, इसलिए यह आदेश सही है। डबल बेंच ने सिंगल बैंच के फैसले को सही ठहराते हुए अपील को खारिज कर दी।

## पीएम आवास परिवार में हुआ नए सदस्य का आगमन

**नई दिल्ली,** 14 सितम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर इसकी जानकारी दी है। दरअसल पीएम मोदी ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वह गाय के बछड़े के साथ दिखाई दे रहे हैं। अपने



पोस्ट में पीएम मोदी ने लिखा कि लोक कल्याण मार्ग पर प्रधानमंत्री आवास परिवार में एक नए सदस्य का शुभ आगमन हुआ है। प्रधानमंत्री आवास में प्रिय गौ माता ने एक नव वत्सा को जन्म दिया है, जिसके मस्तक पर ज्योति का चिह्न है। इसलिए, मैंने इसका नाम दीपज्योति रखा है।

## सुकमा में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़, 1 नक्सली ढेर

**जगदलपुर/सुकमा,** 14 सितंबर (हाईवे चैनल)। सुकमा जिला के थाना चिंतागुफा क्षेत्रान्तर्गत तुमालपाड़ के जंगल-पहाड़ी में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें 01 नक्सली ढेर हो गया और हथियार सहित बड़ी मात्रा में नक्सली सामाग्री बरामद की गई है. पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 01 नक्सली ढेर



हो गया है, नक्सली का शव और हथियार सहित भारी मात्रा में नक्सली सामाग्री बरामद किया गया है. मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की शिनाख्तगी की जा रही है, बता दें कि इस अभियान में जिला बल, डीआरजी एवं बस्तर फाईटर ने संयुक्त कार्यवाही की है. इलाके मे सर्च ऑपरेशन जारी है, विस्तृत जानकारी पृथक से दी जायेगी.

## मोदी ने जम्मू-कश्मीर में किया शांति, सुरक्षा और समृद्धि का वादा

**नई दिल्ली,** 14 सितम्बर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा उम्मीदवारों के चुनाव प्रचार के तहत रैली को संबोधित करने के लिए जम्मू-कश्मीर के डोडा पहुंचे। मोदी ने डोडा में चुनावी रैली में कहा कि तिगुनी मेहनत करेंगे, जम्मू-कश्मीर को साथ मिलकर समृद्ध बनाएंगे, यह मोदी की गारंटी है। राजनीतिक वंशों ने अपने बच्चों को आगे बढ़ाया, नए नेतृत्व को उभरने नहीं दिया। साल 2014 में केंद्र में सत्ता में आने के तुरंत बाद हमने जम्मू-कश्मीर में युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। नए नेतृत्व और कांग्रेस, पीडीपी तथा नेशनल कॉन्फ्रेंस के वंशवाद के बीच लड़ाई है; इन वंशों ने जम्मू-कश्मीर को बर्बाद कर दिया।

> ■ इस बार का चुनाव तीन खानदानों और यहां के नौजवानों के बीच होगा

पीएम मोदी ने कहा कि इतनी पीढ़ियां गुजरने के बाद उनको भाजपा सरकार ने आरक्षण दिया है। आज ऐसे अनेक साथी हैं, जिनको पहली बार वोट डालने का हक मिला है। भारत का संविधान हर किसी को वोट का अधिकार देता है। लेकिन संविधान को जेब में लेकर घूमने वालों ने 75 सालों तक आप में से कुछ लोगों से वोट देने का अधिकार देता है। आजकल ये लोग संविधान को अपनी जेब में रखते हैं। ये दिखावा ये अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए कर रहे हैं। हकीकत क्या है, ये जम्मू कश्मीर का बच्चा-बच्चा जानता है। इन लोगों ने बाबा साहेब के बनाए संविधान की आत्मा को नोच दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर में ये एसटी-एससी और ओबीसी का नाम तक नहीं लेते थे।लेकिन संविधान को जेब में लेकर घूमने वालों ने 75 सालों तक आप में से कुछ लोगों से वोट देने का अधिकार छीन लिया था। कांग्रेस की सोच और नीयत क्या है, ये उनके अध्यक्ष की बातों से भी साफ हो जाता है। वो यहां आकर कहते हैं कि अगर हमें 20 सीटें ज्यादा आती, तो मोदी सहित भाजपा के सभी नेता जेल में होते। क्या यही एक एजेंडा है इनका? जम्मू कश्मीर का इस बार का विधानसभा चुनाव तीन खानदानों और जम्मू-कश्मीर के नौजवानों के बीच में है। एक खानदान कांग्रेस का है एक खानदान नेशनल कॉन्फ्रेंस का है एक खानदान पीडीपी का है। जम्मू-कश्मीर में इन तीन खानदानों ने मिलकर आप लोगों के साथ जो किया है, वो किसी पाप से कम नहीं है। डोडा में चुनावी रैली में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद अंतिम सांसें ले रहा है। जम्मू-कश्मीर के बच्चों को आगे बढ़ाना चाहते हैं,भाजपा ने इसके लिए प्रेमनाथ डोगरा योजना की घोषणा की है। जम्मू-कश्मीर के बच्चों को आगे बढ़ाना चाहते हैं,भाजपा ने इसके लिए प्रेमनाथ डोगरा योजना की घोषणा की है।




CMYK